निबंधन एवं शर्तें
वरिष्ठ परामर्शदाता – डाटा एवं पद्धति (एक पद)

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से पूर्णतः संविदा आधार पर उपर्युक्त पद के लिए पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है।

किसे रिपोर्ट करना है: उप आयुक्त, बाल स्वास्थ्य, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

भूमिका एवं उत्तरदायित्व: राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत निम्नलिखित विषयों से संबंधित क्षेत्रों में घर आधारित युवा परिचर्या कार्यक्रम के कार्यान्वियन में बाल स्वास्थ्य प्रभाग की सहायता करना:

1. एचबीवाईसी कार्यक्रम से संबंधित समस्त कार्यो की आयोजना, समीक्षा, कार्यान्वियन पर ध्यान केंद्रित करने के साथ बाल स्वास्थ्य कार्यक्रमों में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय को तकनीकी प्रबंधकीय सहायता उपलब्ध करना।
2. आंकड़ा विश्लेषण के संबंध में क्षमता निर्माण हेतु योजनाएं विकसित करना और आयोजन/बजट बनाने के लिए उनका समय पर उपयोग करना।
3. प्रशिक्षणों और क्षमता निर्माणा, आंकड़ा विश्लेषण और उनके उपयोग (अंतर विश्लेषण/अवरोध विश्लेषण क्षमता निर्माण सहित) में सहायता उपलब्ध कराना।
4. निर्णय करने के लिए उच्चतर अधिकारियों को सूचित करने हेतु तिमाही आधार पर आंकड़ों का विश्लेषण करना, कार्यक्रम और स्थिति की समीक्षा करना।
5. पोषण कार्यक्रमों/परियोजनाओं की नीति और विकास, अभिकल्प और प्रबंधन के संबंध में मार्गदर्शन करने हेतु उपलब्ध बाल स्वास्थ्य और संबंधित कारकों से संबंधित सामयिक, व्यापक और वर्तमान आंकड़ों को सुनिश्चित करने हेतु सहयोग करना/तैयारी अभिकल्प में सहायता करना और स्थिति विश्लेषण को अद्यतन करना।
6. एचबीवाईसी कार्यक्रम रिपोर्टिंग की आंकड़ा आधारित प्रबंधन प्रणाली विकसित करने हेतु तकनीकी एजेंसी की सहायता करना।
7. एचबीवाईसी रिपोर्टिंग के लिए आईटी आधारित साधनों/मोबाइल आधारित एप्लीकेशन विकसित करने हेतु आईटी एजेंसी की सहायता करना।
8. पोर्टल पर एचबीवाईसी आंकड़े अपलोड करने तथा कार्यक्रम की समीक्षा करने हेतु राज्यों की सहायता करना।
9. पूछताछ को अधिकतम करके और सर्वोत्तम परिपाटियां स्थापित करके एप्लीकेशन निष्पादन में सुधार करने के लिए विकासकर्ताओं के साथ संपर्क करना।
10. रिपोर्टों के निष्पादन को अधिकतम करना।
11. एक्सल आधारित मानक रिपोर्ट के सृजन को विकसित करना। प्रयोक्ताओं को आंकड़ा प्रबंधन सहायता उपलब्ध कराना।

पात्रता-
1. कंप्यूटर एप्लीकेशन/सूचना प्रौद्योगिकी में मास्टर
2. आंकड़ा एवं प्रणाली विकास के क्षेत्र में न्यूनतम 5+ वर्ष का अनुभव जिसमें से स्वास्थ्य से संबंधित वेबसाइटों/पोर्टल की डिज़ाइन करने में 2-3 वर्ष का अनुभव।
3. भारतीय स्वास्थ्य प्रणाली, मुख्य पणधारकों और संगत सरकारी नीतियों/कार्यनीतियों विशेष रूप से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के बारे में जानकारी।
4. उत्कृष्ठ संप्रेषण और प्रस्तुति कौशल, विश्लेषणात्मक और अंतरवै यक्तिक योग्यताएं, अंग्रेजी बोलने और लिखने में उत्कृष्ट कौशल।
5. बहु-विषय दल परिवेश में कार्य करने हेतु प्रदर्शनात्मक कुशलता।
6. संगत आंकड़ों और दस्तावेजों की छानबीन करने के लिए एमएस वर्ड, एक्सल, पॉवर पॉइंट और वेबसर्फिंग जैसे सामान्यत: उपयोग होने वाले पैकेजों की उच्च स्तरीय जानकारी सहित कंप्यूटर में दक्षता।
7. निर्धारित समय सीमाओं के दबाव के चलते विभिन्न कार्यों को निपटाने की योग्यता।
8. तकनीकी सहायता उपलब्ध कराने हेतु राज्यों और जिलों का दौरा करने की इच्छा और सौंपे जाने वाले कार्यों को समयसीमा के भीतर निपटाने के साथ-साथ निर्धारित विभिन्न कार्यों को करने की योग्यता।
9. उच्च गुणवत्ता का प्रकाशित कार्य होने अथवा विशेष क्षेत्र में कार्य अनुभव होने पर औपचारिक शैक्षिक योग्यता और अनुभव में छूट दी जा सकती है।

आयु: आवेदन प्राप्त होने की तारीख को 55 वर्ष और गहन क्षेत्रीय दौरे करने के लिए अच्छा स्वास्थ्य होना चाहिए।

पारिश्रमिक सीमा: 90,000/- रु. से 1,30,000/- रु. प्रतिमाह्

स्थान: नई दिल्ली, राज्यों तथा जिलों की यात्रा करने की सहमति के साथ

आवेदन करने के लिए: अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को 20-Aug-2018 तक rch.hbyc@gmail.com पर ई–मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।